DCSD ने कर्मचारी प्रशंसा दिवस को आभार और उदारता के साथ मनाया

शुक्रवार, 6 अक्तूबर को DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) में उत्सव और जश्न का माहौल था। इसका कारण था डिस्ट्रिक्ट कार्यालय के अधिकारियों और स्टाफ द्वारा सभी 138 स्कूलों और केंद्रों का दौरा, जिससे कि वे *कर्मचारी प्रशंसा दिवस* पर उनके काम की प्रशंसा ज़ाहिर कर पाएँ! यह विशेष अवसर, जो विद्यार्थियो की पतझड़ की छुट्टियों और स्टाफ के लिए पेशेवर विकास दिवस पर आयोजित किया गया था, अपने वफादार और समर्पित कर्मचारियों को सम्मानित करने और उनका धन्यवाद करने की DCSD की वचनबद्धता का सबूत था।

लेकिन यह कार्यक्रम यहीं समाप्त नहीं हुआ। मंगलवार, 10 अक्तूबर को बस चालकों और मॉनिटरों को सम्मानित किया गया। ऐसा इसलिए क्योंकि शुक्रवार को उनका अवकाश था। इस प्रकार से यह सुनिश्चित किया गया कि हर महत्वपूर्ण कर्मचारी को सम्मान दिया जाता हो।

इस दिन का मुख्य आकर्षण था डिस्ट्रिक्ट द्वारा 2022-2023 स्कूल वर्षों के अपने वापस लौटने वाले कर्मचारियों के प्रति उसकी वचनबद्धता। वफादारी के लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि के तौर पर संपूर्ण $2,000 प्रदान किए गए। इससे पहले उन्हें प्रति सेमेस्टर $1,000 देने का वादा किया गया था। ये धन उनकी कड़ी मेहनत और DeKalb काउंटी के विद्यार्थियों, परिवारों, समुदाय भागीदारों और एक-दूसरे के प्रति समर्पण दिखाने के लिए दिया गया है।

जश्न के दौरान, 2023-2024 के लिए DCSD के नए शिक्षकों को उनके साइन-इन बोनस के तौर पर पहली किश्त का भुगतान किया जाएगा, जो डिस्ट्रिक्ट के भविष्य को आकार देने के उनके उत्साह और वचहला नबद्धता को मान्यता देगा।

DCSD के कर्मचारियों के तीसरे सम्मानित समूह में 2023-2024 स्कूल वर्ष के सभी नए कर्मचारी शामिल थे। उन्हें अनूठे "स्वैग बैग" मिले, जिनमें तरह-तरह का सामान था, जैसे कि गिफ्ट कार्ड, पोर्टफोलियो, हैट और पेन, जो DCSD परिवार में सभी नए सदस्यों के स्वागत के लिए बतौर प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है।

इन दो दिनों के दौरान खूब हंसी-मज़ाक, मस्ती किया और आभार प्रकट किया गया। कर्मचारी प्रशंसा दिवस वार्षिक रूप से मनाया जाता है जो बताता है कि DCSD अपने सभी कर्मचारियों के समर्पण और वचनबद्धता को महत्व देता है और सराहना करता है और यह सबूत देता है कि सफल होने, सीखने और दीर्घकालीन प्रभाव छोड़ने के लिए यह एक उपयुक्त स्थान है।

लगातार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए DCSD ने दर्शाया है कि क्योंकि उसका स्टाफ विद्यार्थियों और समुदाय के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए वह अपने स्टाफ के लिए समर्थनकारी और प्रशंसा से भरपूर वातावरण बनाने के महत्व को गंभीरता से लेता है।

कर्मचारी प्रशंसा दिवस 2023 के दृश्यों को देखने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें:

- शुक्रवार, 6 अक्तूबर की डिस्ट्रिक्ट व्यापी तस्वीरें: https://flic.kr/s/aHBqjAXt3k
- मंगलवार, 10 अक्तूबर को बस चालकों और बस मॉनिटरों को सम्मान: https://flic.kr/s/aHBqjAY4aN